नगर आयुक्त की अगुवाई में संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश शासन एवं नगर विकास विभाग के प्रास विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु नगर आयुक्त संतोष शर्मा के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कलान अंगद गुप्ता के द्वारा माईक्रोप्लान बनाकर अभियान चलाया गया। नगर पंचायत कलान के मोहल्ला शांतिनगर, पुरानी टंकी एवं जामा मस्जिद में सड़कों, नाला, नालियों की साफ सफाई, एण्टी लार्वा छिड़काव कराया गया एवं जलापूर्ति को सुचारू करने हेतु हैण्डपम्प को चिह्नित करके कार्यवाही

की गई। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कलान के द्वारा नगर पंचायत वासियों से अपील की गयी कि लोग कूड़ा, कूड़ा गाड़ी में ही डाले और साफ-सफाई को अपनी आदत में डाले। इस अवसर पर राहुल गुप्ता, मोहसिन आदि उपस्थित रहे।